PSE PUGET SOUND ENERGY

energize**EASTSIDE**

तथ्य शीट

परियोजना

Energize Eastside परियोजना एक नया विद्युत सबस्टेशन और उच्चतर क्षमता की ट्रांसमिशन लाइनें बनाएगी जिनसे ईस्टसाइड के घरों और व्यापारों को विद्युत मिलेगी। इस प्रयास से हमारी मौजूदा ट्रांसमिशन प्रणाली बेहतर बनेगी और आने वाले कई वर्षों तक ईस्टसाइड के सभी समुदायों को अधिक विश्वसनीय विद्युत-आपूर्ति प्रदान होगी।

ये वे विद्युत वितरण लाइनें नहीं हैं जो आपके इलाके के घरों तक विद्युत लाती हैं। ये ऐसी विद्युत ट्रांसमिशन लाइनें होंगी जिनकी क्षमता वितरण लाइनों से अधिक होगी और ये पूरे के पूरे शहरों की जरूरतों के लिए पर्याप्त विद्युत ले जाएंगी।

वृद्धि हमारे क्षेत्र की मौजूदा ट्रांसमिशन प्रणाली पर दबाव डाल रही है

इस बात को आप हर कहीं देख सकते हैं - रेंटन से लेकर रेडमंड तक, क्रेनें काम कर रही हैं और यातायात की सघनता बढ़ती जा रही है। ईस्टसाइड वॉशिंगटन में सबसे अधिक तेजी से बढ़ता हुआ इलाका है। विश्वस्तरीय व्यापार यहां आ रहे हैं और नौकरियों में बढ़त जारी है। पर साथ ही साथ, यह सौभाग्य हमारे क्षेत्र की मौजूदा विद्युत प्रणाली पर दबाव भी डाल रहा है। बढ़त के अध्ययनों से पूर्वानुमान मिला है कि विश्वसनीय विद्युत-आपूर्ति की माँग 2017 के आरंभ में ही क्षमता के पार निकल जाएगी। इसका अर्थ यह नहीं है कि बिजली चली जाएगी, पर विद्युत प्रणाली के बुनियादी ढांचे में पर्याप्त अपग्रेड और अति महत्वाकांक्षी संरक्षण प्रयासों के बिना, ईस्टसाइड की विद्युत प्रणाली से अतिरिक्तता समाप्त हो जाएगी जिससे लगभग 60,000 ग्राहकों तक के लिए विद्युत कटौती की संभावना बढ़ जाएगी।

energize**EASTSIDE**

- रेडमंड से रेंटन तक लगभग 18 मील लंबी विद्युत ट्रांसमिशन लाइनें निर्मित करेगी
- यह सुनिश्चित करेगी कि ईस्टसाइड की विद्युत प्रणाली इलाके की आकस्मिक वृद्धि को समर्थन देना जारी रख सके
- मार्ग पहचान की प्रक्रिया जारी है; निर्माण कार्य 2017 में आरंभ होना है
- हम आपकी राय जानना चाहते हैं: हमसे pse.com/energizeeastside पर मिलें

ईस्टसाइड ग्राहक मांग पूर्वानुमान

यह चार्ट हमारी मौजूदा विद्युत ट्रांसमिशन प्रणाली की क्षमता की तुलना में संरक्षण लक्ष्यों की 100% पूर्ति के साथ ग्राहक मांग को दर्शाता है। 2017-2018 तक मांग, विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति देने की हमारी क्षमता से अधिक हो जाएगी।



*ग्राहकों की मांग में यह मान लिया गया है कि संरक्षण के लक्ष्य 100% पूरे हो गए हैं।

इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल संरक्षण ही पर्याप्त नहीं है

पिछले 30 वर्षों के दौरान, PSE ने मौजूदा विद्युत प्रणाली से अधिकतम कार्यक्षमता प्राप्त करने के उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। 1979 से PSE ने ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय विद्युत कार्यक्रमों पर कई मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। वास्तव में, बेहतर प्रकाश-व्यवस्था, उपकरणों और यंत्रों, ऊर्जा-दक्षता बढ़ाने और ऊर्जा-उपभोग घटाने के उपायों तथा ऊर्जा-दक्ष निर्माण प्रौद्योगिकियों के माध्यम से PSE ग्राहकों ने 2012 में 30,000 घरों की जरूरतें पूरी करने लायक विद्युत बचाने में हमारी मदद की। परंतु, केवल संरक्षण पर्याप्त नहीं है। हम हमारे उपायों की अधिकतम सीमा तक पहुँच चुके हैं और हमारे ईस्टसाइड समुदायों को विद्युत पहुँचाने वाली विद्युत प्रणाली की क्षमता को पार कर चुके हैं।

हमारी ईस्टसाइड की अर्थव्यवस्था और जनसंख्या इतनी तेजी से बढ़ रही है कि हमारे संरक्षण प्रयास उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर नहीं चल पा रहे हैं। विद्युत प्रणाली के बुनियादी ढांचे में पर्याप्त अपग्रेड के बिना, दसियों हजार निवासी और व्यापार बारंबार होने वाली और अधिक लंबी विद्युत कटौतियों के जोख़िम पर होंगे।

PSE की Energize Eastside भविष्य में ईस्टसाइड की वृद्धि को ऊर्जा देगी

PSE और स्वतंत्र विशेषज्ञों ने मौजूदा प्रणाली के और ईस्टसाइड की बढ़ती हुई जरूरत की पूर्ति के विभिन्न विकल्पों के कई स्वतंत्र विश्लेषण किए। आप इन रिपोर्टों को परियोजना की वेबसाइट pse.com/energizeeastside पर पढ़ सकते हैं।

स्थानीय उत्पादन केंद्र का निर्माण करने पर विचार करने के अतिरिक्त, PSE ने भूमिगत ट्रांसमिशन लाइनों और नई प्रौद्योगिकियों जैसे बैटरी भंडारण और मांग-प्रतिक्रिया आदि विकल्पों की भी जांच-पड़ताल की। परंतु, PSE इस निष्कर्ष पर पहुँची कि भूमिगत ट्रांसमिशन की लागत इसे हमारे लिए निषिद्ध बनाती है (बशर्ते कि इसका वित्तपोषण इसका अनुरोध करने वालों द्वारा किया जाए) और ईस्टसाइड के परिवेश में इसका निर्माण भी बहुत कठिन है, वहीं नई प्रौद्योगिकियां भी या तो जरूरत को पूरा नहीं करतीं या फिर ईस्टसाइड की जरूरत जितने पैमाने पर उनका परीक्षण नहीं हुआ है।

विस्तृत समीक्षा के बाद, PSE और स्वतन्त्र विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि सतत संरक्षण और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का संयोजन - यानी एक नया सबस्टेशन बनाने

संभावित मार्ग खंड

और उच्चतर क्षमता वाली ट्रांसमिशन लाइनें बिछाने - का तरीका ही ईस्टसाइड की ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों को विश्वसनीय ढंग से पूरा करने का सर्वोत्तम तरीका है। नया सबस्टेशन अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेगा जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्थानीय विद्युत प्रणाली हमारे ग्राहकों के बढ़ते हुए ऊर्जा उपभोग के लिए पर्याप्त बन सके। जबकि ट्रांसमिशन लाइनें यह सुनिश्चित करेंगी कि हम अतिरिक्त क्षमता की सर्वाधिक आवश्यकता वाले ईस्टसाइड समुदायों को यह क्षमता पहुँचा सकें।

मार्ग निश्चित करने के लिए समुदाय के साथ कार्य करना

दिसम्बर 2013 में परियोजना प्रारंभ करने के बाद से, PSE ने परियोजना के बारे में और अधिक जानकारी साझा करने के लिए और ऐसे संभावित मार्ग खंडों, जिन्हें जोड़ कर नई 230 kV ट्रांसमिशन लाइनों के लिए मार्ग बनाया जा सके, की समीक्षा के लिए ईस्टसाइड निवासियों, व्यापारों और समुदाय के नेताओं के साथ मुलाकातें की हैं।

PSE ने समुदाय सलाहकार समूह के साथ परस्पर सहयोग से कार्य भी किया है, जो विभिन्न हित-वर्गों के प्रतिनिधियों का 24 सदस्यों वाला समूह है, जिसमें आस-पड़ोस के संगठन, शहर, विद्यालय, आर्थिक विकास समूह, समाजसेवी संगठन, बड़े वाणिज्यिक प्रयोक्ता, एक पर्यावरणीय संगठन तथा संपत्ति विकासकर्ता शामिल हैं।

समुदाय सलाहकार समूह ने Energize Eastside परियोजना के लिए 18 संभावित मार्ग विकल्पों की सूची में से 11 संभावित मार्ग सुझाए हैं जिनमें से सभी के अपने-अपने अवसर और अपनी-अपनी बाधाएं हैं।

समुदाय सलाहकार समूह द्वारा आगे के मूल्यांकन के लिए सिफारिश किए गए मार्ग विकल्प

समुदाय सलाहकार समूह ने आगे के मूल्यांकन के लिए निम्नांकित 11 संभावित मार्ग विकल्पों की सिफारिश की है:



समुदाय सलाहकार समूह द्वारा आगे के मूल्यांकन के लिए सिफारिश नहीं किए गए मार्ग विकल्प

समुदाय सलाहकार समूह ने आगे कोई मूल्यांकन नहीं करने के लिए निम्नांकित सात संभावित मार्ग विकल्पों की सिफारिश की है:



परियोजना समय-सारणी



हमें अभी कदम उठाने की जरूरत है

ईस्टसाइड में सतत आर्थिक विकास और नौकरियों में वृद्धि मजबूत विद्युत ट्रांसमिशन प्रणाली पर निर्भर करते हैं। ईस्टसाइड में हमने जो मजबूत आर्थिक वृद्धि और नौकरियों में बढ़त देखी है उसके आगामी दशकों में जारी रहने की अपेक्षा की जाती है। Puget Sound Regional Council के हालिया अनुमान के अनुसार, 2010 से 2040 के बीच रोजगार में 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की वृद्धि होगी, जबकि जनसंख्या एक-तिहाई से भी ज्यादा बढ़ जाएगी।

हम आपकी राय जानना चाहते हैं

आपकी प्रतिक्रिया ऐसे मार्ग विकल्प और सबस्टेशन स्थल की पहचान करने में हमारी मदद करेगी जो ईस्टसाइड के लिए सर्वाधिक लाभकारी हों। मार्ग चर्चा प्रक्रिया में आप संलग्न कैसे हो सकते हैं इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर नज़र रखें।

रेंटन में यूनाइटेड टाइल के हाइडी मार्टिन, बाएं और दामित्रिया नीवस फोटो खिंचवाते हुए। उनके व्यापार ने Puget Sound Energy के ग्रीन पॉवर कार्यक्रम में सहभागिता की है।

अतिरिक्त जानकारी/प्रश्नों के लिए कृपया हमारी परियोजना वेबसाइट pse.com/energizeeastside पर जाएं या संपर्क करें:

- **लिआन कोस्टेक**, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर
- **जैकसन टेलर**, कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स मैनेजर
- **केरी प्राविट्ज़**, कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स मैनेजर

हम Energize Eastside परियोजना पर आपकी टिप्पणियों और प्रश्नों का energizeeastside@pse.com पर भी स्वागत करते हैं, या आप परियोजना की वॉइसमेल को 1-800-548-2614 पर कॉल कर सकते हैं।